संख्या- 95/2023/1247/छप्पन-2023-31/2016(CA)

प्रेषक,

आनन्द कौशिक,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 13 सितम्बर, 2023

विषय: नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के लिए Independent Engineer (IE) द्वारा दी गई सेवाओं के भुगतान हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक- 134/ए0एफ0-2023-116/2016 दिनांक 23 अगस्त, 2023 तथा पत्रांक- 140/ए0एफ0-2023-116/2016 दिनांक 24 अगस्त, 2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास कार्यों हेतु Independent Engineer की सेवाओं के लिए माह जनवरी, 2022 से मार्च, 2023 तक (15 माह) की अवधि के लिए रू0 2,99,57,922.5 में से NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50% के अनुसार धनराशि रू0 1,12,34,220.94 अर्थात रू0 1,12,34,221/- (रूपए एक करोड़ बारह लाख चौंतीस हजार दो सौ इक्कीस मात्र) तथा Independent Engineer की सेवाओं के लिए माह अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक (12 माह) की अवधि के लिए रू0 2,79,06,010/- में से NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50% के अनुसार धनराशि रू0 1,04,64,753.75 अर्थात् रू0 1,04,64,754/- (रूपए एक करोड़ चार लाख चौंसठ हजार सात सौ चौवन मात्र) के व्यय/भुगतान हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उपर्युक्त पत्रों के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र0सं0	**Independent Engineer द्वारा दी गई सेवाओं की अवधि**	**भुगतान की जाने वाली धनराशि (रू0 में)**	**NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50% के अनुसार भुगतान की जाने वाली धनराशि (रू0)**
1.	जनवरी, 2022 से मार्च, 2023 तक (15 माह)	2,99,57,922.5	1,12,34,221/-
2.	अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक (12 माह)	2,79,06,010/-	1,04,64,754/-
योग	**जनवरी, 2022 से मार्च, 2024 तक (27 माह)**	**5,78,63,932.5 (पॉच करोड़ अठहत्तर लाख तिरेसठ हजार नौ सौ बत्तीस रूपए पचास पैसे मात्र)**	**2,16,98,975/- (रूपए दो करोड़ सोलह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र)**

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास कार्यों हेतु Independent Engineer की माह जनवरी, 2022 से माह मार्च, 2024 तक (27 माह) की सेवाओं में निहित कुल धनराशि रू0 5,78,63,932.5 (पॉच करोड़ अठहत्तर लाख तिरेसठ हजार नौ सौ बत्तीस रूपए पचास पैसे मात्र) में से NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.50% के अनुसार कुल धनराशि रू0 2,16,98,975/- (रूपए दो करोड़ सोलह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि अर्थात् रू0 2,16,98,975/- (रूपए दो करोड़ सोलह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र) वर्तमान चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 में व्यय की अनुमति सहित जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करती हैं:-

(1) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, नागरिक उड्डयन की होगी।

(3) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्त्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

(4) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जाएगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(6) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृति धनराशि व्यय किए जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(7) उक्त स्वीकृति धनराशि के आहरण एवं व्यय से सम्बन्धित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/आदेशों/प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

(8) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

(9) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय का विवरण निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

3/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(10) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास कार्यों हेतु Independent Engineer की माह जनवरी, 2022 से माह मार्च, 2024 (27 माह) तक की सेवाओं में निहित कुल धनराशि रू0 5,78,63,932.5 (पॉच करोड़ अठहत्तर लाख तिरेसठ हजार नौ सौ बत्तीस रूपए पचास पैसे मात्र) में से NIAL के शेष अंशधारकों यथा- नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भी अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर/NIAL के बैंक खाते में यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

4- उक्तानुसार स्वीकृत की जाने वाली धनराशि रू0 2,16,98,975/- (रूपए दो करोड़ सोलह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा तत्काल आवंटित कर जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निर्वतन पर रखी जाएगी। जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रश्नगत धनराशि NIAL के निम्नलिखित बैंक खाते में उपलब्ध कराई जाएगी तथा इसका प्रमाण शासन को उपलब्ध कराया जाएगा:-

Name of Beneficiary: Noida International Airport Limited

Name of the Bank: State Bank of India

Bank branch address: Greater Noida, Lager Stroemia Shopping Centre, Gautam Buddha Nagar, UP

Account Number: 38491000655

IFSC Code: SBIN0004324

5- उक्त धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अन्तर्गत पूँजी लेखा "लेखाशीर्ष 5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-21-जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना-24-वृहत् निर्माण कार्य" से वहन की जाएगी।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या: ई-7- 154/दस-2023-24, दिनांक 11 सितम्बर, 2023 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

4/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 95/2023/1247(1)/छप्पन-2023 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

3- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे सन्दर्भगत प्रकरण में अनुमोदित धनराशि रू0 5,78,63,932.5 (पॉच करोड़ अठहत्तर लाख तिरेसठ हजार नौ सौ बत्तीस रूपए पचास पैसे मात्र) में से NIAL में अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर/NIAL के बैंक खाते में यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4- जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

5- कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमबुद्धनगर।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

7- विशेष कार्याधिकारी (श्री शैलेन्द्र कुमार भाटिया), नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0/नोडल अधिकारी, जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर।

8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7.

9- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।